# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 28.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*******************

जनता दल युनाइटेड के सांसद संजय झा की अगवाई में संसदीय प्रतिनिधिमंडल आज जकार्ता, इंडोनेशिया पहुंच गया है। यह भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर किए गए कूटनीतिक प्रयास का हिस्सा है। अभी तक इस प्रतिनिधिमंडल ने जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर का दौरा किया है, जो भारत द्वारा पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक अभियान का हिस्सा है।

*******************

सर्वोच्च न्यायलय के कॉलेजियम ने झारखंड सहित तीन राज्यों के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई इस कॉलेजियम के अध्यक्ष हैं। अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक प्रस्ताव में कहा गया है कि न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र को झारखंड से त्रिपुरा उच्च न्यायालय में भेजा गया है।

*******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने राज्य सरकार से पेसा कानून को जल्द लागू करने की मांग की। रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विदेशी धर्म मानने वालों के दबाव में आदिवासी और सरना समाज के अधिकारों का हनन कर रही है। श्री दास ने कहा कि पेसा लागू होने से ग्राम प्रधान और मानकी–मुंडा को खनिज संसाधनों पर अधिकार मिलेगा। उन्होंने सरकार से नियमावली को कैबिनेट में लाकर तुरंत प्रभाव से लागू करने की अपील की।

*******************

आयकर रिटर्न–आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड– सीबीडीटी के बयान में कहा गया है कि आईटीआर फॉर्म में महत्वपूर्ण संशोधन और आवश्यक दस्तावेज हासिल करने का समय देने के लिए यह फैसला किया गया है।

*******************

रामगढ़ में फैज अक अहमद मुमताज ने जिले के 14वें उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। मौके पर श्री मुमताज ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को सुचारू रूप से लागू करना उनकी प्राथमिकता होगी और पूर्व उपायुक्त द्वारा शुरू किए गए अच्छे कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

*******************

डालटनगंज में छतरपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने पत्थर लेकर लौट रही दो गाड़ियों में आग लगा दी और चालकों की पिटाई कर दी। घटना कल रात हुई, जब दोनों गाडियां जौरा माइंस से पत्थर लेकर करमाचराई क्रशर जा रही थीं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

*******************

गढ़वा जिले में प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत आदिम जनजाति बहुल गांवो के संपूर्ण उत्थान के लिये कार्य किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

राज्य में 30 मई तक कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। राज्य के उत्तरी, दक्षिणी और मध्य भागों में 31 मई से मौसम सामान्य रहने की संभावना है।

********************

आईपीएल क्रिकेट में कल लखनऊ में ग्रुप स्टेज के अंतिम मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू ने लखनऊ सुपर जायटंस को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू अंक तालिका में दूसरे जबकि पंजाब किंग्स की टीम शीर्ष पर पहुंच गई है।

*******************